प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- राजस्थान दिवस आज–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने में सहभागिता का आह्वान किया।

- राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आज से विकसित ग्राम और वार्ड अभियान शुरू होगा–रोडवेज के बेडे में 207 नई बसें शामिल होंगी।

- केन्द्र सरकार ने राज्यों में कॉमर्शियल एलपीजी के आवंटन को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का **निर्णय लिया**।

- चैत्र नवरात्र की आज से शुरूआत–कई शक्तिपीठो और दुर्गा मंदिरों में मेले भर रहे है।

- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर तेज हवायें और बारिश का दौर जारी।

.....................

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आज** आज राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आज का दिन गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति और उन मानवीय मूल्यो के उत्सव का दिन है जिन्होंने राजस्थान को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। श्री शर्मा ने एक वीडियो संदेश मे प्रदेशवासियों से विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

.....................

राजस्थान दिवस पर मुख्यमंत्री प्रदेशवासियों को विभिन्न सौगात देंगे। साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

.....................

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का **निर्णय लिया** है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि यह कदम एलपीजी से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन–पीएनजी की दिशा में बढने में सहायक होगा। इस बीच मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया है।

.....................

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस आज पश्चिम एशिया क्षेत्र से 48 निर्धारित और विशेष उड़ानें संचालित करेंगी। दोनों एयरलाइंस जेद्दा और मस्कट के लिए अपनी नियमित सेवाएं जारी रखेंगी, जिनमें भारत और जेद्दा के बीच 16 उड़ानें शामिल हैं। एयर इंडिया दिल्ली और मुंबई से एक–एक वापसी उड़ान संचालित करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु, हैदराबाद और कोझिकोड से उड़ान भरेगी। मस्कट के लिए छह निर्धारित उड़ानें संचालित होंगी, जो दिल्ली, कोझिकोड और मुंबई को कवर करेंगी। इसके अलावा, एयर इंडिया दिल्ली से रियाद के लिए दो वापसी उड़ानें संचालित करेगी।

.....................

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आज से हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत हो गई है। चैत्र नवरात्र भी आज से शुरू हो गए है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर प्रदेश में उत्साह और उमंग है। मंदिरों और घरों में **शुभ मुहुर्त में** घट स्थापना की गई है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर कई स्थानों पर मेले भर रहे है। हनुमानगढ़ के पल्लू कस्बे में मां ब्रम्हाणी का मेला आज से शुरू हुआ। सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा और

करौली के कैला देवी मंदिर मेले में श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। राजधानी जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किये गये है। आमेर महल में 28 मार्च तक हाथी सवारी अस्थायी रूप से बंद रहेगी। साथ ही **रोजाना शाम साढे 5 बजे** के बाद पर्यटकों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा। रात्रिकालीन पर्यटन गतिविधियों पर भी रोक रहेगी।

.....................

तीन दिवसीय चूरू महोत्सव आज से आयोजित किया जा रहा है। चूरू में पंच गौरव योजना के तहत होने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ विरासत शोभायात्रा से होगा। महोत्सव के दौरान ऊंट सजावट, साफा बांधना, रस्सा—कस्सी और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। शाम को लोक संगीत और सूफी बैंड की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

.....................

भारतीय कृषि बीमा कंपनी ने देश भर में महिला किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कृषि सखी पहल शुरू की है। यह पहल खाद्य और कृषि संगठन द्वारा 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किए जाने के अनुरूप शुरू की गई है। वित्त मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि इस पहल में भारतीय कृषि बीमा कंपनी के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित की जाने वाली माहवार गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल है। कृषि सखी पहल का उद्देश्य महिला किसानों को मान्यता देना, सशक्त बनाना और उन्हें सक्रिय रूप से शामिल करना है।

.....................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं—कहीं गरज के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी। वहीं कुछ स्थानो पर तेज हवायें चली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य के पश्चिमी इलाकों में हवा का परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसका असर आज अधिक रहने की संभावना है। इस दौरान सभी संभागों में गरज के साथ बारिश के आसार है। कहीं—कहीं ओले भी गिर सकते है। साथ ही तेज आंधी चलने की भी संभावना है। भीलवाडा में कल गुलाबपुरा, आसींद, शाहपुरा और शम्भूगढ क्षेत्र में कई जगह तेज बरसात हुई। नागौर में आज सुबह हल्की बूंदाबांदी हो रही है। पाली, बाडमेर और हनुमानगढ़ में बादल छाये हुए है और हवायें चल रही है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां कल शाम रिमझिम बरसात हुई और सुबह से ही बादल छाये हुए है।

.....................

इस बीच मौसम में आये बदलाव से दिन और रात के तापमान में और गिरावट आई है। दिन के तापमान में पश्चिमी इलाकों में पारा 5 से 7 डिग्री लुढक गया। जैसलमेर में सबसे अधिक 9 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रिकॉर्ड हुई वहां पारा 25 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस पर पंहुच गया। 36 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस के साथ चित्तौडगढ सबसे गर्म स्थान रहा।

.....................